# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में राज्य की कानून व्यवस्था की करेंगे समीक्षा, नक्सलवाद और संगठित अपराध समेत कई अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा।**
2. **राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज दिन के 11 बजे से, विभिन्न विभागों के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।**
3. **राज्य में चिकित्सकों की कमी दूर करने की पहल, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी आज 163 विशेष चिकित्सा पदाधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।**
4. **मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में गर्मी बढ़ने का जताया पूर्वानुमान, 14 मार्च से मौसम में आयेगा बदलाव, आसमान में छाये रहेंगे बादल।**
5. **बेंगलुरु में संपन्न 45वीं मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, 11 स्वर्ण समेत 31 पदकों पर जमाया कब्जा।**

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राज्य की विधि–व्यवस्था को लेकर रांची में समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न जिलों के डीसी और एसपी से कानून व्यवस्था की जानकारी लेंगे और आवश्यक निर्देश देंगे। बैठक में नक्सलवाद, संगठित अपराध, अवैध खनन, नारकोटिक्स जैसे कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची स्थित प्रोजक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। दिन के 11 बजे से होने वाली बैठक में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरिशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार** और **की ऑफ द इंडियन ओशन** से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने पोर्ट लुई में भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मान प्रदान करने की घोषणा की।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अनुबंध आधारित नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम दोपहर दो बजे से नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री 163 विशेष चिकित्सा पदाधिकारियों और तकनीकी स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले में पुलिस ने कुख्यात अपराधी छोटू राम और उसके गिरोह के 8 अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने बताया कि इन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

********************

उधर, गिरिडीह जिले में पुलिस ने चर्चित उमेश दास हत्याकांड के खुलासे का दावा किया है। गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि उमेश दास की हत्या आपसी रंजिश में की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

********************

जमशेदपुर में भी पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के वाहन भी बरामद किये गये हैं। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही अब 18 मार्च से शुरु होगी। होली के मद्देनजर कार्यवाहियों के औपबंधित कार्यक्रम में कुछ बदलाव किये गये हैं। सदन की कार्यवाही 17 मार्च को स्थगित की गयी है। इस कार्यदिवस की कार्यवाही 22 मार्च को लिए जाने का निर्णय लिया गया है।

********************

राज्य सरकार ने होली की छुट्टी एक दिन बढ़ा दी है। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, होली के अवसर पर 14 मार्च के अलावा 15 मार्च को भी छुट्टी रहेगी। यह छुट्टी एनआई एक्ट के तहत घोषित की गयी है।

********************

गढ़वा जिले में 19 और 20 मार्च को दो दिवसीय श्री बंशीधर राजकीय महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसक उदघाटन करेंगे। इस सिलसिले में उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल गोसाई बाग मैदान का जायजा लिया।

उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव को भव्य रुप देने की पहल की जा रही है।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले में होली के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

**<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>**

- नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा कल देवघर पहुंची। उपायुक्त विशाल सागर ने उनका स्वागत किया।
- महाकुंभ में खोई बिहार की महिला लखपातो देवी गढ़वा जिले के लोगों के प्रयास से लगभग एक पखवाड़ा बाद अपने परिजनों से मिल सकीं। वह भटकते हुए गढ़वा जिले के रमना पहुंच गयी थी।
- सरायकेला–खरसावां जिले के सीनी स्थित दलित बस्ती को खाली कराने के लिए रेलवे की ओर से 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है।

- रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने जिला टेलीकॉम समिति की बैठक में स्पष्ट किया कि संचार मीनार बनाने से पहले टेलीकॉम समिति से स्वीकृति लेना जरुरी है।
- उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त और झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अध्यक्ष पवन कुमार ने जेआरडीए प्रबंध पर्षद की 35वीं बैठक की। इस दौरान बेलगड़िया टाउनशिप में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का उन्होंने निर्देश दिया।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले दो दिनों के दौरान गर्मी बढ़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 14 मार्च से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक नये पश्चिमी विक्षोभ के कारण 14 मार्च से आसमान में बादल छायेंगे और यह स्थिति 17 मार्च तक बनी रहेगी।

********************

बेंगलुरु में संपन्न 45वीं मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन रहा। राज्य के मास्टर एथलीटों ने 11 स्वर्ण, 11 रजत और नौ कांस्य समेत 31 पदकों पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के एथलीटों का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कुख्यात गैंगेस्टर अमन साहू के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– आतंक का अंत।

**हिन्दुस्तान** ने डीजीपी के हवाले से लिखा है– डीजीएम हत्याकांड में आरोपियों का मिला बड़ा सुराग।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– पतरातू प्लांट से इस महीने के अंत तक मिलने लगेगी बिजली।

**दैनिक जागरण** ने झारखंड विधानसभा परिसर में हुए होली मिलन समारोह की खबर को तस्वीर के साथ प्रकाशित किया है।

********समाप्त*********